अत्यावश्यक

पंचायत उप-निर्वाचन, 2023

राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार

STATE ELECTION COMMISSION, BIHAR

सत्यमेव जयते

पत्र संख्या - पं.नि. 30-13/2023 - 4134

प्रेषक,

मुकेश कुमार सिन्हा
सचिव,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार।

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव,
गृह विभाग, बिहार।

पुलिस महानिदेशक,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक - 8.12.2023

विषय : पंचायत उप निर्वाचन, 2023 – व्यापक सुरक्षा व्यवस्था संधारण हेतु सुरक्षा बलों की प्रतिनियुक्ति के संबंध में।

प्रसंग : आयोग का पत्रांक 4127 दिनांक 19.09.2021 (पत्र संलग्न)

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि प्रासंगिक पत्र द्वारा पंचायत आम निर्वाचन, 2021 के निमित्त स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण निर्वाचन सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से सुरक्षा बलों की प्रतिनियुक्ति हेतु मापदण्ड संसूचित किये गये थे। उक्त मापदण्ड के अनुरूप पंचायत आम निर्वाचन, 2021 में सुरक्षा बलों की प्रतिनियुक्ति भी की गई थी। पुलिस प्रशासन के कुशल नेतृत्व एवं अनुश्रवण से पंचायत आम निर्वाचन, 2021, उप निर्वाचन माह मई, 2023 में मतदान शान्तिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

वर्तमान में पुनः पंचायत उप निर्वाचन कराया जाना है। पत्रांक 4072 दिनांक 04.12.2023 द्वारा पंचायत उप निर्वाचन, 2023 के निमित्त पंचायती राज विभाग, बिहार द्वारा निर्गत अधिसूचना के संबंध में संसूचित किया गया है। जिसके अनुसार **मतदान दिनांक 28.12.2023** एवं **मतगणना दिनांक 30.12.2023** को निर्धारित है। जिलावार रिक्त पदों की विवरणी पत्र के साथ संलग्न किये जा रहे हैं।

उक्त परिप्रेक्ष्य में अनुरोध है कि प्रासंगिक पत्र के आलोक में पंचायत उप निर्वाचन, 2023 को स्वतंत्र, स्वच्छ, भयमुक्त एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु व्यापक सुरक्षा व्यवस्था संधारित करते हुये समुचित संख्या में सुरक्षा बल प्रतिनियुक्त करने की कृपा की जाय।

अनुलग्नक : यथोक्त।

विश्वासभाजन,

08/12/23

सचिव।

8/12/23

Sone Bhawan, Third Floor, Birchand Patel Marg, Patna - 800 001 Phone : 2506826, 2506917, 2506844, 2506994 Fax : 0612 - 2507847 E-mail : secbihar@gmailcom

ज्ञापांक - पं0नि0 30-15/2023 - 4134 पटना, दिनांक – 8.12.2023

प्रतिलिपि, सभी जिला पदाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत) एवं सभी वरीय पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/- 08.12.23

सचिव।

ज्ञापांक - पं0नि0 30-15/2023 - 4134 पटना, दिनांक – 8.12.2023

प्रतिलिपि, सभी प्रमंडलीय आयुक्त एवं सभी पुलिस महानिरीक्षक/उप महानिरीक्षक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/- 08.12.23

सचिव।

ज्ञापांक - पं0नि0 30-15/2023 - 4134 पटना, दिनांक – 8.12.2023

प्रतिलिपि, अपर मुख्य सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/- 08.12.23

सचिव।